## सार-समाचार

### मरीज को पूर्व में अन्य डॉ को दिखाना पड़ा भारी, कार्यवाही की गुहार

**राजसमंद**, (कासं)। जिला मुख्यालय का सबसे बडा हॉस्पीटल आर.के जिला राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सकों को ना तो सरकार से किसी प्रकार का कोई भय हैं ना ही मरीजों की कोई चिन्ता हैं। ऐसा ही एक वाक्या मंगलवार को हाऊसिंग बोर्ड निवासी देवेन्द्र मेघवाल के साथ घटित हुआ। करीब 20-25 दिन पूर्व मरीज देवेन्द्र मेघवाल के सीने में अचानक दर्द होने के कारण परिजन उसे डॉ पंकज जैन के पास लेकर गए जिन्होने मरीज का ईलाज किया व डॉ जैन ने जो दवाई गोली लिखी वो दवाईयां ली। उसके बाद मरीज देवेन्द्र का स्वास्थ्य ठीक था परन्तु अचानक सोमवार को पुनः उसके सीने में दर्द चालु हो गया तो वो हॉस्पीटल गया परन्तु वहां डॉ पंकज जैन अवकाश पर होने से डॉ एमके मीणा के पास गए। डॉ एमके मीणा ने पर्ची पर जांच लिखकर जांच कराने को कहा और अगले दिन जांच रिपोर्ट दिखाने को कहा। जांच करवा कर मंगलवार को जब जांच रिपोर्ट दिखाने मरीज डॉ मीणा के पास गए तभी अचानक उन्हे पता चला कि मरीज ने पूर्व में डॉ पंकज जैन से ईलाज करवाया। उन्हे पता चलते ही तुरन्त डॉ मीणा ने उनके चैम्बर से बाहर जाने को कहा एवं अभद्र व्यवहार करते हुए मरीज को कहा कि तुने पहले उनसे ईलाज करवाया तो उनके पास ही जा, मैरे चैम्बर से तुरन्त बाहर निकल जा और दुबारा कभी वापस मत आना। मरीज ने काफी अनुरोध किया कि डॉ पंकज जैन अवकाश पर हे एवं मेरी तबीयत सही नही हैं, परन्तु डॉ मीणा ने एक ना सुनी और उसे चैम्बर से बाहर निकाल दिया। उसके बाद पीडीत ने जिला कलेक्टर को पत्र के माध्यम से पुरी घटना को अवगत कराया एवं डॉ एमके मीणा पर कार्यवाही की गुहार लगाई।

### सांवलिया सेठ को छप्पन भोग धराया

**मंडफिया**, (निसं)। एक भक्त ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को छप्पन भोग धराया। जानकारी के अनुसार मंडफिया निवासी पूर्व सरपंच राधेश्याम पामेचा की ओर से भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, सूखे मेवे एवं ताजा फलों का छप्पन भोग धराया गया। इससे पहले भक्त पामेचा के निवास स्थान से मंदिर तक भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में महिला पुरुष सिर पर एवं हाथों में छप्पन भोग लिए नाचते गाते मंदिर पहुंचे एवं सभी ने भगवान सांवलिया जी सेठ के दर्शन कर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया। मंदिर पुजारी ने भगवान को भोग धराकर प्रसाद भक्तों में वितरण किया। मंदिर बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा ने बताया कि सांवलिया जी भक्त पूर्व सरपंच राधेश्याम पामेचा की ओर से भगवान को 120 ठाम चांदी से निर्मित गौ माता ( गाय ) भेंट की गई। भक्त पामेचा का मंदिर मंडल की ओर से ऊपरना ओढ़ाकर प्रसाद भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। छप्पन भोग के पश्चात भक्त पामेचा की ओर से होटल सांवलिया सागर में महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें सैकडो भक्तों ने प्रेम पूर्वक बैठकर भोजन ठाहण किया। इस महाप्रसादी में कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### युवक व चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)। नीम हकिम द्वारा गर्भपात करने की दवा देने से तबीयत खराब होने पर नाबालिग की गुजरात चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक व चिकित्सक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने आरोपी रोहित पुत्र लाला परगी निवासी घोड़ीमारी कोटड़ा एवं क्लिनिक संचालक भरत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि गत दिनों तबीयत खराब होने पर नाबाबालिग पुत्री को उपचार के लिए ले गया। जहां उसने गर्भवती होने की बात कहते हुए दवा दी। जिससे पुत्री की तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए खेड़ ब्रम्हा गुजरात ले गए। जहां से उसे सिविल चिकित्सालय पहुंचाया। वहां उसकी 18 मई को मौत हो गई। इस सूचना मिलने पर एएसआई प्रवीण कुमार, कांस्टेबल सतवीर उसे गांव लेकर आए जहां परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार किया।

### पत्रकार विक्रम राव को दी श्रद्धांजलि

**उदयपुर**, (कासं)। वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के विक्रम राव के निधन पर मंगलवार को उदयपुर में श्रद्धांजलि सभा हुई। जिले के पत्रकारों ने राव को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर राव को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उदयपुर जिला अध्यक्ष जयप्रकाश माली ने राव की जीवनी पर प्रकाश डाला और शुरुआती दौर से पूरे जीवन भर उनके द्वारा पत्रकार हितो के लिए किए गए संघर्ष के बारे में बताया। वरिष्ठ पत्रकार मनु राव ने राव के निधन को पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति बताया।

### अघोषित विद्युत कटौती रोकने की मांग

**उदयपुर**, (कासं)। शहर जिला कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल ने मंगलवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता को ज्ञापन दे कर शहर में अनियमित विद्युत कटौती पर अंकुश लगाने की मांग की। शहर जिला कांग्रेस के महामंत्री अरुण टांक के अनुसार जिलाध्यक्ष फ़तेह सिंह राठौड के नेतृत्व जिला कलेक्टर को सौपें गये ज्ञापन में बताया गया कि शहर में विद्युत विभाग द्वारा बिना किसी सूचना के अनियमित रूप से की जा रही विद्युत कटौती से आमजन त्रस्त है। ग्रीष्म ऋतु में विद्युत कटौती से जीना दूभर हो गया है वही कई लोग गर्मी के कारण अनेक बीम्ररियो की चपेट में भी आने लगे है। विद्युत कटौती के कारण जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है,वही झीलों के शहर का आर्थिक स्त्रोत पर्यटन उद्योग भी प्रभावित हो रहा है।

### हमले में युवक घायल

**उदयपुर**, (कासं)। शहर की अम्बामाता थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चाकू से हमला कर युवक को घायल करने का प्रकरा दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मो. रजाक पुत्र फिरोज खान निवासी सज्जननगर ए ब्लॉक ने आरोपी फैजान उर्फ कटोरा निवासी फारूखेआजम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

# 'योग दिवस समारोह में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करें'

**उदयपुर**, (कासं)। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से आयोजित करने को लेकर मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में तैयारी बैठक कलक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें योग दिवस पर पंचायत से लेकर जिला स्तर पर निर्धारित प्रोटोकॉल के साथ भव्य एवं सफल आयोजन करने पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक के प्रारंभ में योग दिवस समारोह के नोडल अधिकारी तथा उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ राजीव भट्ट ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में जानकारी दी। सहायक नोडल अधिकारी डॉ शोभालाल औदिच्य ने बताया कि समारोह की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग तय की गई है। जिला स्तरीय समारोह गांधी ग्राउण्ड में आयोजित होगा। इसमें सभी जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस जवान, खिलाड़ी, एनएसएस-स्काउट गाइड स्वयंसेवक, खिलाड़ी, शिक्षक गण, विभिन्न महाविद्यालयों व विद्यालयों से छात्र-छात्राएं आदि भाग लेंगे।

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारी बैठक हुई
- 16 जून को सुखाडिया समाधि पार्क तथा 17 को सहेलियों की बाड़ी में योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास होगा



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

जिला कलक्टर मेहता ने जिला स्तरीय समारोह के लिए गांधी ग्राउण्ड में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम को पूर्ण प्रोटोकॉल के साथ भव्य रूप से आयोजित करने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे। बैठक में जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह, एडीएम सिटी वारसिंह सहित सभी विभागों के अधिकारीगण, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सहायक नोडल अधिकारी डॉ औदिच्य ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 16 जून से जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। इसमें 16 जून को सुखाडिया समाधि पार्क तथा 17 को सहेलियों की बाड़ी में योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास होगा। 18 जून को ऑनलाइन योग आधारित प्रश्नोत्तरी स्पर्धा तथा 18 को ही मोतीमगरी गेट से देवाली छोर तक योग जागरूकता रैली का आयोजन होगा। 19 जून को फतहसागर की पाल पर योग पूर्वाभ्यास तथा अपराह्न 3 बजे से मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर में योग आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 20 जून को गांधी ग्राउण्ड में योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास तथा 21 जून को मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ भट्ट ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर इस बार सरकार के निर्देश पर विशेष योग पूर्वाभ्यास सत्र एक माह तक संचालित किए जा रहे हैं।आगामी 21 जून तक प्रतिनिधि शहर के अलग-अलग स्थानों पर योग पूर्वाभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक आमजन इससे जुड सकें।

## पिम्स में फेफड़ों के संक्रमण का सफल समाधान



पिम्स हॉस्पिटल की मेडिकल टीम के साथ मरीज।

**उदयपुर**, (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स), हॉस्पिटल, उमरडा में चिकित्सकों ने बार-बार फेफडों के संक्रमण के अनोखे मामले का सफलतापूर्वक समाधान किया है।

इस अवसर पवर चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि गत दिनों एक मरीज कई सप्ताह से सांस की तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत के चलते पिम्स हॉस्पिटल में उपचार के लिए आया। प्रारंभिक जांच में सीने के एक्स-रे से कोई स्पष्ट निदान नहीं मिला। इसके बाद उच्च-रिजॉल्यूशन सीटी स्कैन किया गया। जहां बाएं फेफडे के ऊपरी हिस्से में कैविटी, निचले हिस्से में ब्रोंकियेक्टैसिस और दाएं निचले हिस्से में ग्राउंड-ग्लास ओपेसिटी पाई गई, जिससे किसी संक्राामक या सूजनजन्य कारण की आशंका हुई। तथ्य जानने के लिए फ्लेक्सिबल ब्रोंकोस्कोपी की गई, जिसे पिम्स हॉस्पिटल के अनुभवी रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की टीम द्वारा किया गया। इस टीम में फैकल्टी सदस्य डॉ. सानिध्य टाक, डॉ. करण सिंघल, डॉ. दीक्षांत चौधरी, डॉ. अनिरुद्ध के साथ-साथ पीजी छात्र डॉ. गुरमिहर सिंह, डॉ. अर्पित जौहर, डॉ. गौरांग और डॉ. शुभनिश चौधरी शामिल थे।

ब्रोंकोस्कोपी के दौरान चौंकाने वाली बात सामने आई कि दाएं फेफडे के निचले हिस्से की ब्रोंकस में एक मूंगफली फंसी हुई थी। आमतौर पर ऐसे मामलों में रीजिड ब्रोंकोस्कोपी और जनरल एनेस्थीसिया की आवश्यकता होती है, लेकिन इस केस में बिना किसी बेहोशी के फ्लेक्सिबल ब्रोंकोस्कोपी से डॉमिया बास्केट द्वारा मूंगफली को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया।

## भारतीय ज्ञान पम्परा को भावी पीढ़ी में रूपांतरित करने की जरूरत : सारंगदेवोत

**उदयपुर**, (कासं)। विश्व संग्रहालय दिवस पर भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण विभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय समारोह का समापन संस्थान के सभागार में सम्पन्न हुआ।

समापन सत्र में परिवर्तनशील समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य विषय पर आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्य अतिथि राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा, हमारी धरोहर एवं विरासत विश्व में अद्भूत है इसके संरक्षण व भावी पीढ़ी में रूपांतरित करने की जरूरत है। संग्रहालय हमें अतीत को समझने का मौका देता है। प्रारंभ में कार्यालय प्रमुख डॉ. निलांजन खटुआ ने अतिथियों स्वागत किया। सहायक संग्रहालय पालक सुदिपा ने समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम दिन की शुरुआत स्कूली बच्चों के लिए आयोजित रंग-बिरंगी चित्रकला एवं चित्रांकन प्रतियोगिता से हुई। समारोह में डा. जय प्रकाश शाकद्वीपीय ने लोकनट एवं नटों की अद्भुत परंपरा पर आलेख प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भावार्थ शाकद्वीपीय द्वारा लिखीत कविता पुस्तक ट्रंक्युल (ज्तंदुनपस) का विमोचन किया गया।



विश्व संग्रहालय दिवस पर पांच दिवसीय समारोह को संबोधित करते प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत।

प्रथम सत्र में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. पारस जैन ने संग्रहालय की आर्थिक विकास में भूमिका विषय पर एक व्याख्यान दिया। डॉ. जैन ने संग्रहालयों की सामाजिक एवं आर्थिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार संग्रहालय पर्यटन, शिक्षा और स्थानीय रोजगार के माध्यम से आर्थिक प्रगति में योगदान करते हैं। व्याख्यान के उपरांत, लोक कला मंडल, उदयपुर एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक कठपुतली कला का प्रदर्शन एवं कठपुतली बनाना सिखाया गया। इस प्रदर्शन ने दर्शकों को राजस्थान की समृद्ध लोक कला से परिचित कराया। कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति और भाव-भंगिमाओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों ने करतल ध्वनि से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और इस विलुप्त होती कला को जीवंत रखने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था, बल्कि पारंपरिक लोक कलाओं एवं संग्रहालयों की महत्ता को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना भी था। भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के निदेशक प्रो. बी. वी. शर्मा जी ने ऑनलाइन मीटिंग के द्वारा कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**बांसवाड़ा**, (निसं)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने आशा कार्यकर्ताओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अधिकांश आशाएं प्रोत्साहन राशि के लिए क्लेम नहीं कर रही हैं। इस पर डॉ. यादव ने कहा कि सबसे पहले यह पता लगाया जाए कि कौन-कौन से पैरामिटर्स पर क्लेम नहीं हो रहा है। उसके बाद ब्लॉक व सेक्टर स्तर की बैठकों में प्रशिक्षण देकर क्लेम की प्रक्रिया को सुदृढ़ किया जाए।

उन्होंने गेप के कारणों का विश्लेषण कर समाधान निकालने के निर्देश भी दिए। सीएमएचओ डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ ने आशा समन्वयक गजेन्द्र सागर को इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। डॉ. राठौड़ ने बीसीएमओ और प्रभारियों को कहा कि बैठक में लिए गए निर्णयों को शत-प्रतिशत पूरा करें ताकि अगली डीएचएस में बदलाव के आंकडे प्रस्तुत कर सके। साथ ही जिले में निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए एनएचएम सिविल विंग से रिपोर्ट भी मांगी गई है। अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. भरतराम मीणा ने परिवार कल्याण की प्रगति पर जानकारी देते हुए बताया कि अंतरा इंजेक्शन योजना में जिले में बेहतर कार्य हुआ है, बहुत कम आशाएं प्रोत्साहन राशि का लाभ ले पा रही हैं। उन्होंने बीसीएमओ को निर्देश दिए कि आशाओं से पीसीटीएस के माध्यम से क्लेम करवाएं। आईपास की सीनियर कोऑर्डिनेटर उर्मीमाला दास ने जिले की स्थिति पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. राहुल डिंडोर ने हिटवेव, एनसीडी, आईडीएसपी, स्नेकबाइट, मलेरिया और डेंगू संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 17 मई से हाईपरटेंशन की स्क्रीनिंग और जनजागरूकता का एक माह लंबा अभियान चलाया जा रहा है।

डीपीओ ललित सिंह झाला ने एएनसी की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी दी। डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सभी चिकित्सकीय कार्य प्रोपर मैथड के अनुसार हों और पीसीटीएस ऐप का सही उपयोग किया जाए। जपाइगो के कॉर्डिनेटर लोकेश शर्मा ने कहा कि पीसीटीएस एप्लीकेशन में आधार कार्ड के अनुसार ही नाम लिखा जाए।

### रक्तदान किया

**बांसवाड़ा**, (निसं)। हर घर रक्तवीर अभियान के तहत वीर हनुमान सुंदरकांड मंडल बोरी एवं सपना फाउंडेशन परिवार के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय चिकित्सालय बोरी में आयोजित रक्तदान शिविर में 60 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर में विनय भूषण भट्ट ने तेरहवीं बार, वकील एवं समाजसेवी दुष्यंत जोशी बारहवीं बार आदि ने रक्तदान किया।


प्रपत्र संख्या-7 ( देखिये नियम 21 )

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2025/114

चूंकि प्रार्थी श्री उदा, गांव धार पोस्ट वरडा उदयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास

ग्राम विकास कोष धार (मगरी फला), गांव धार पोस्ट वरडा उदयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है। में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन -पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 08.07.2025

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग,उदयपुर


### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)। हिरणमगरी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ माल खरीद कर पीडित को भुगतान नहीं करने वाले के खिलाप प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार हेमन्त पुत्र मैनारिया निवासी गवारड़ी दरीबा रेलमगरा ने आरोपी अमित महेश्वरी, निवासी गोपाल भवन बडे मंदिर के पिछे बहाला जूनावास भीलवाड़ा हिमांश, नितिन पांडे के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

## एबीवीपी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**उदयपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उदयपुर महानगर द्वारा सुखाड़िया विवि में लंबे समय से आ रही समस्याओं के समाधान हेतु कुलपति सुनीता मिश्रा की गेर मौजूदगी में रजिस्ट्रार डॉ वीसी गर्ग को सौंपा ज्ञापन।

महानगर मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि विवि की डिजिटल और बुनियादी सेवा देशभर में छोटे दुकानदार से भी बत्तर है वे सभी डिजिटल पेमेंट अपना रहे हैं वहीं विवि की रोकड़ शाखा में ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा अब तक उपलब्ध नहीं है जो विवि की दुर्गति को दर्शाता है। इसके साथ ही छात्रावासों की कमी और मौजूदा छात्रावासों में मेस की अनुपलब्धता भी छात्रों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।इकाई अध्यक्ष प्रवीण टांक ने बताया कि कोरोना काल के बाद सेमेस्टर प्रणाली अभी तक पटरी पर नहीं लौट सकी है। परीक्षा विभाग की अनियमितताओं के कारण छात्रों को भविष्य की योजनाओं में बाधा आ रही है और विवि की फीस राजस्थान के हर विवि की तुलना में अधिक है जिससे विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्र से आने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चणबौरा, पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-53 दिनांक-16.05.2025

**-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-**

ग्राम पंचायत चणबौरा में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) उदयपुर द्वारा स्वीकृत रा.उ.मा.वि. लई में 2 कक्षा कक्ष निर्माण कार्य हेतु ई-निविदाएं दिनांक 26.05.2025 सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका UBN No-ZUD2526WSOB00449 है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत चणबौरा
पं.स.गिर्वा,
जिला-उदयपुर ( राज. )

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत चणबौरा
पं.स.गिर्वा,
जिला-उदयपुर ( राज. )


# स्मार्ट सिटी के कामों की समीक्षा की

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने मंगलवार को नगर निगम में निगम और स्मार्ट सिटी के अभियंताओं की बैठक ली। बैठक में स्मार्ट सिटी के वार्डों में किए जा रहे कामों को लेकर समीक्षा की गई और विधायक जैन ने वार्डों में चल रहे कामों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में शहर विधायक ताराचंद जैन ने समोर बाग में आ रहे सिवरेज का

- विधायक ताराचंद जैन ने निगम के अधिकारियों की बैठक ली



उदयपुर में शहर विधायक ताराचंद जैन ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा की।

गंदा पानी को लेकर अधिकारियों से पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि इस सिवरेज के गंदे पानी की निकासी के लिए काम किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिकारियों ने बताया कि पाला गणेशजी में भी सिवरेज चैम्बर का काम चल रहा है और शीघ्र चैम्बर का काम पूरा कर दिया जाएगा। उदयपुर शहर विधाक ताराचंद जैन ने अंदरूनी शहर में घाटियों पर फिसलन को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सडकों पर फिसलन ज्यादा होने से शहरवासी फिसल कर घायल हो रहे है। इस पर अधिकारियो ने बताया कि फिसलन को कम करने के लिए स्क्रेनिंग मशीन से लाईनिंग का काम करवाया जा रहा है और यह काम बारिश से पूर्व हो जाएगा। मालदास स्ट्रीट में विद्युत समस्या को देखकर मालदास स्ट्रीट में यूरिनल के पास एक सीएसएस स्थापित किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मालदास स्ट्रीट में यूरिनल के पास 8 टन के सीएसएस का काम प्रगति पर है और शीघ्र ही सीएसएस का काम पूरा हो जाएगा। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने अधिकारियों से कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की शिकायत है कि अंदरूनी शहर में पानी पूरा प्रेशर से नही आता, जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। विधायक जैन ने निर्देश दिए कि पानी के प्रेशर को 70 प्रतिशत चैक करवाकर लीकेज रोके जाए। इसके साथ ही विधायक जैन ने अधिकारियों को अंदरूनी शहर में पानी के अवैध कनेक्शन की सूची जलदाय विभाग को भेजने के निर्देश दिए ताकी विभाग इस पर कार्यवाही कर सकें। इसके साथ ही अधिकारियों ने बताया कि अंदरूनी शहर में फेरो कवर जो टूटे हुए थे उन्हें सहीं करवा दिया है। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन में हो रही बारिश को लेकर अधिकारियों को चैम्बर की सफाई के निर्देश दिए, इस पर अधिकारियों ने बताया कि शहर में अधिकांश जगह सिवरेज की सफाई काम चल रहा है। विधायक जैन ने अंदरूनी शहर में पानी का वेस्ट करने वाले लोगों को एवं बाहर कचरा फैंकने से रोकने के लिए पत्रक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।शहर विधायक ताराचंद जैन ने बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि गडिया देवरा चौक में खड्डे को भरने और आवश्यकता अनुसार लाईटों लगवाई जाएगी। जलदाय विभाग द्वारा स्मार्ट सिटी में की जा रही पानी की सप्लाई का निर्धारित समय पर करवाने, घरों के बाहर बने चैम्बर को सफाई करवाने, कुछ जगहों पर सिवरेज के अधूरे काम को पूरा करवाने और विद्युत केबल को अंडर ग्राउण्ड करवाने के लिए निर्देश दिए। शहर विधायक ताराचंद जैन ने अधिकारियों को बताया कि मुखर्जी चौक में सीसीएल के पास में कचरा डालकर जलाया जाता है, जिस पर करंट आने का खतरा रहता है इस पर अधिकारियों ने कहा कि इसे भी रोकने का काम किया जा रहा है। साथ ही सिवरेज का गंदा पानी जो बारिश में बाहर निकलता है उसे रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तेलीवाडा और मंडी में लाईटें बंद रहती है उसको लेकर अधिकारियों ने कहा कि इसके लिए टेण्डर प्रक्रिया की जा रही है।

बैठक में तत्कालीन पार्षद शिल्पा पामेचा, रूचिका चौधरी, कुलदीप जोशी, विजय आहूजा, देवेन्द्र साहू, कमल बाबेल, जगदीश शर्मा, कुंदन चौहान, कैलाश सोनी, रणजीत सिंह दिग्पाल, योगेन्द्र दशोरा, महेन्द्र सेन और कैलाश मेनारिया, नगर निगम की ओर से अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी, अधिशाषी अभियंता रितेश पाटीदार, दिनेश पंचोली आदि मौजूद रहे।

### सृजन की सुरक्षा योजना 2025 का शुभारंभ

**राजसमंद**, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार रालसा वन एवं बालिका वर्ष 2025 सृजन की सुरक्षा का शुभारंभ जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने ग्राम पंचायत पसूंद में किया। प्राधिकरण सचिव भारत भूषण पाठक ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा ईको-फेमिनिज्म के लिए एक योजना सृजन की सुरक्षा 2०25 सम्पूर्ण राजस्थान में प्रारंभ की गई है। जिसका उद्देश्य मौजूदा कानूनी सेवा ढांचें का लाभ उठाते हुए एक सहयोगी और समुदाय-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना एवं पर्यावरण की रक्षा करना है। इसके लिए राज्य में स्थित सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में एक-एक ग्राम पंचायत का चयन कर एक पायलट परियोजना लागू की गई, जिसमें कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, बालिका शिक्षा को बढावा देना, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराधों की रोकथाम करना और सामुदायिक भागीदारी तथा कानूनी जागरूकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढावा देना जैसे वृक्षारोपण के लिए जागरूकता फैलाना हैं। इस दिशा में जिले के लिए पसूंद ग्राम पंचायत का चयन किया गया, जहां प्रत्येक बालिका के जन्म के अवसर पर 11 पौधें लगाने का संकल्प लिया गया। जिसकी पालना में पसूंद ग्राम पंचायत के हरिओम उपवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर 51 पौधें लगाए गए तथा ग्राम पंचायत में 4 नवजात बालिकाओं के संरक्षकों को यूनिक आइडेंटिटी कार्ड फॉर द ग्रीन गर्ल प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्राधिकरण अध्यक्ष काछवाल ने बालिका शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण का महत्त्व बताते हुए पसूंद गांव में जन्मी ०4 नवजात बालिकाओं को उपहार प्रदान किया। सरपंच अयन जोशी ने बताया कि पौधारोपण के बाद चारो बच्चियों के अभिभावकों को ग्रीन गर्ल के लिए विशिष्ट पहचान पत्र जारी कर उपहार भेंट किया गया। इस विशिष्ट पहचान पत्र से बच्ची के बडे होने तक हर विभाग द्वारा प्रमुखता से सहयोग करते हुए बच्ची को हर सरकारी योजना का लाभ पहुंचाने में प्राथमिकता से सहयोग करेगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खरपीणा, पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-SPL,33 दिनांक-16.05.2025

**-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-**

ग्राम पंचायत खरपीणा में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) उदयपुर द्वारा स्वीकृत बाउण्ड्री वॉल निर्माण कार्य, रा.उ.प्रा.वि.चांदनी कार्य हेतु ई-निविदाएं दिनांक 26.5.2025 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका UBN No-ZUD2526WSOB000431 है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत खरपीणा
पं.स.गिर्वा,
जिला-उदयपुर ( राज. )

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत खरपीणा
पं.स.गिर्वा,
जिला-उदयपुर ( राज. )